# कार्यालय-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ०ग०)

//सूचना//

क्रमांक/ 35 /चयन समिति/2025 कोण्डागांव दिनांक 07.07.2025

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागाांव के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोण्डागांव में कार्यालय सहायक (Office Assistant) एवं भृत्य (Office Peon) की नियुक्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची को जिला न्यायालय कोण्डागांव के शासकीय वेबसाईट में अपलोड करा दी गई है। उपरोक्त संबंध में आगामी कार्यवाही संबंधी सूचना निम्नानुसार हैः-

(1) कार्यालय सहायक (Office Assistant) की संविदा नियुक्ति हेतु पात्र पाये गये अंतिम सूची के अभ्यर्थियों का **स्थान-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोण्डागांव** में दिनांक 24.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 01 घण्टे का सामान्य ज्ञान संबंधी वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 अंकों की प्रतियोगी लिखित परीक्षा लिया जावेगा।

(2) भृत्य (Office Peon) की संविदा नियुक्ति हेतु पात्र पाये गये अंतिम सूची के अभ्यर्थियों में से कक्षा 8 वीं में प्राप्त अंकों की प्रवीण्य (Merit) सूची के आधार पर 10 गुना अभ्यर्थियों का **स्थान-जिला न्यायालय भवन, कोण्डागांव** में दिनांक 24.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे शारीरिक व व्यवहारिक क्षमता संबंधी कौशल परीक्षा/साक्षात्कार लिया जावेगा।

(3) उपरोक्त दोनों पदों के लिए आयोजित परीक्षा में उपस्थित होने की सूचना -सह प्रवेश पत्र को जिला न्यायालय कोण्डागांव के शासकीय वेबसाईट में अपलोड कराकर संबंधित अभ्यर्थियों के वर्तमान पते पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। सूचना -सह प्रवेश पत्र को सीधे वेबसाईट से भी डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त सामान्य ज्ञान संबंधी परीक्षा एवं शारीरिक व व्यवहारिक क्षमता संबंधी कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु नियत तिथि **24.08.2025 परिवर्तनीय** है। नियत तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। नियत तिथि में परिवर्तन किये जाने पर सूचना जिला न्यायालय कोण्डागांव के शासकीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी। कृपया जिला न्यायालय कोण्डागांव के शासकीय वेबसाईट (https://kondagaon.dcourts.gov.in/) का अवलोकन करते रहेंगे।

07th July' 2025

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला न्यायालय कोण्डागांव छ०ग०